तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री


हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 11 अप्रैल 2026


13 4 टिप्पर व 2 जेसीबी मशीन जब्त



14 इंद्रावती और 163 बोर से बुझती है शहर के 2 लाख लोगों की प्यास





## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री का बस्तर प्रवास 13 को



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 13 अप्रैल को मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान तथा अटल आरोग्य लैबोरेटरी का शुभारंभ करेंगे। ग्राम पंचायत सचिवों और नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे मुख्यमंत्री के इस विजन को धरातल पर उतारने के लिए सभी आवश्यक तकनीकी प्रबंध पूर्ण करें। कार्यक्रम के सजीव प्रसारण हेतु पृथक से वेबकास्ट लिंक साझा की जाएगी, जिससे बस्तर का हर नागरिक मुख्यमंत्री के इस स्वास्थ्य संकल्प से सीधा जुड़ सकेगा।

### 43 हितग्राहियों को लॉटरी से दिया गया आवास



**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम ने आज मोर मकान, मोर आवास के अंतर्गत 43 पात्र हितग्राहियों को लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से आवासों का आवंटन किया। हितग्राहियों की सुविधा हेतु ऋण मेला का भी आयोजन किया गया। जिससे उन्हें आवास निर्माण एवं क्रय के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में धरमपुरा स्थित मोटरू ब्रदर्स एवं ऊर्जा प्रॉपर्टी के 208 यूनिट तथा हाटकचोरा स्थित ऊर्जा प्रॉपर्टी के 58 यूनिट में निर्मित आधुनिक आवासों को शामिल किया गया। इन आवासों का निर्माण बेहतर बुनियादी सुविधाओं के साथ किया गया है जिससे हितग्राहियों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध हो सके।

### शहर में 19 से चेस चैंपियनशिप

**जगदलपुर।** द चेस नेशन द्वारा चैस चैम्पियनशिप का आयोजन 19 अप्रैल को निर्मल विद्यालय में किया जाएगा। पहला राउंड 9:30 बजे शुरू होगा। टूनार्मेंट 10+5 टाइम कंट्रोल व स्विस सिस्टम पर आधारित होगा। प्रतियोगिता में कुल 34800 का कैश प्राइज रखा गया है। विजेता को 11,000, दूसरे को 7,500 और तीसरे को 5,100 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही रैंक 10 तक कैश प्राइज दिया जाएगा और सभी प्रतिभागियों को ई सर्टिफिकेट मिलेगा। टूर्नामेंट में बेस्ट फिमेल ओपन के साथ अंडर-11 और अंडर-15 में भी बेस्ट मेल एवं फिमेल को कैश प्राइज दिया जाएगा। जिससे युवा और महिला खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिलेगा। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 15 अप्रैल है। आयोजकों का उद्देश्य क्षेत्र में शतरंज को बढ़ावा देना है। यह जानकारी आयोजन समिति के अनन्य मिगलानी ने दी है।

### हितग्राही के आवास पहुंचे कलेक्टर-एसपी



**जगदलपुर।** दरभा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम भडरीमऊ में जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होने कलेक्टर, एसपी सहित अन्य अफसर पहुंचे। कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन ने भडरीमऊ में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही आयाते के आवास का गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। और हितग्राही को बुके देकर शुभकामनाएं दी।

# नन्हे सितारे प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों की प्रतिभा आई सामने

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर जिला प्रशासन और ओपन लिंक्स फाउंडेशन की अनूठी पहल नन्हे सितारे के भव्य समापन के साथ ही जिले के बच्चों की प्रतिभा को एक नया और शानदार मंच प्राप्त हुआ है। इस प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कुम्हरावंड स्थित शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के सभागार में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा पुरस्कृत किया गया, जो न केवल बच्चों की कड़ी मेहनत का सम्मान था बल्कि उनके भविष्य के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन भी साबित हुआ।

कलेक्टर ने विजेता बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस बात पर विशेष बल दिया कि नई शिक्षा नीति के दौर में बच्चों का विकास केवल पाठ्य पुस्तकों के भीतर सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने अपने उद्बोधन में स्पष्ट किया कि पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को व्यावहारिक अनुभव और एक्सपोजर की सख्त जरूरत है, ताकि उनके भीतर की झिझक पूरी तरह दूर हो सके और वे आत्मविश्वास के साथ दुनिया का सामना कर सकें। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए एक मंच-अनेक प्रतिभाएँ के ध्येय वाक्य के साथ यह जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जो स्कूल से लेकर क्लस्टर और ब्लॉक स्तर तक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता इसका समावेशी स्वरूप रहा, जहाँ ओपन लिंक्स फाउंडेशन के सहयोग से बिना किसी शुल्क के बच्चों को कविता पाठ, कहानी सुनाना, स्पेलिंग-बी और स्पोकन इंग्लिश जैसी गतिविधियों के माध्यम से अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिला। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्मों के इस दौर में बच्चों के इन प्रदर्शनों को यूट्यूब जैसे माध्यमों पर भी सराहा जा ▸▸ शेष पेज 12 पर

## कलेक्टर के विजेता प्रतिभागियों का किया सम्मान

### विभिन्न स्तरों के कार्ययोजना की साझा

कलेक्टर ने शिक्षा के विभिन्न स्तरों के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना भी साझा की, जिसमें प्राथमिक स्तर पर बुनियादी साक्षरता और साहित्य पर ध्यान केंद्रित किया गया। वहीं हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्तर के विद्यार्थियों के लिए बोर्ड और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष रणनीति के तहत साप्ताहिक और मासिक टेस्ट पर जोर दिया गया है।




### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के अधिष्ठाता डॉ आरएस नेताम, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, जिला मिशन समन्वयक अशोक पांडे, ओपन लिंक्स फाउंडेशन के प्रतिनिधि सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी विद्यार्थी एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

## बार्डर के तीनों राज्यों से रोज आ रहे हजारों मुर्गे, मुर्गियां

# जिले में धड़ल्ले से बिक रहा चिकन, राज्य के कई जिलों में बर्ड फ्लू की आशंका के कारण प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

अलग खबर

बिलासपुर में बर्ड फ्लू के बढ़ते प्रकोप ने शासन-प्रशासन को अलर्ट मोड में ला दिया है। हालात की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने चिकन पार्लरों पर दो माह तक प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। वहीं 90 दिनों तक बिक्री पर पूर्ण रोक की भी संभावना जताई जा रही है। इसके साथ ही हर 15 दिन में सैंपल जांच अनिवार्य की गई है। लगातार 4 रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद ही राहत मिलने की उम्मीद है। लिए गए सैंपलों को जांच के लिए भोपाल भेजा जाएगा। एहतियात के तौर पर सरकारी पोल्ट्री फार्म को 6 महीने तक बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

- हर 15 दिन में सैंपल जांच के निर्देश, पर नहीं भेजे गए

इधर बस्तर संभाग में हालात इसके उलट नजर आ रहे हैं। बिलासपुर में सख्ती के बावजूद शहर के संजय बाजार, धरमपुरा, बोधघाट, कुम्हारपारा और आड़ावाल सहित ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम चिकन बिक्री जारी है। संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा विभाग की ओर से केवल गाइडलाइन जारी कर औपचारिकता निभाई गई है। एक माह बीत जाने के बाद भी न तो सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं और न ही सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी या जांच की कोई ठोस व्यवस्था की गई है। इसी ढिलाई के चलते बाहरी राज्यों से बड़ी संख्या में मुर्गों का परिवहन बेरोकटोक जारी है जो संक्रमण के खतरे को और बढ़ा रहा है।

### संजय बाजार में केवल औपचारिकता

संजय बाजार में पशु चिकित्सा दल ने एक बार निरीक्षण कर औपचारिकता पूरी की। इसके बाद से अब तक न तो दोबारा कोई सघन जांच हुई और न ही शासन की गाइडलाइन का पालन कराया गया। बाजार में पूर्व की तरह ही चिकन की बिक्री जारी है जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है।



### जांच नाकों पर लापरवाही

बस्तर संभाग के कोंटा और धनपुंजी जांच नाकों पर आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और ओड़िशा से आने वाले मुर्गा-मुर्गियों की कोई जांच नहीं हो रही है। न तो सैंपल लिए जा रहे हैं और न ही स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। बीजापुर जिले के भोपालपट्नम और तालरागुड़ा जांच नाकों पर भी यही हाल है। जहां महाराष्ट्र और तेलंगाना से आ रहे पोल्ट्री वाहनों की जांच नहीं की जा रही। इस संबंध में संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा विभाग डॉ. जेडी नेताम से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।



# सील पोकलेन से अवैध रेत उत्खनन, एसडीएम का एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

जिले में अवैध खनिज उत्खनन के विरुद्ध लगातार खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में तहसील बकावंड के ग्राम बेलगांव-बनियागाँव में रेत के अवैध उत्खनन की शिकायत मिलने पर खनिज विभाग द्वारा पिछले दिनों औचक निरीक्षण किया गया था। जिसमें अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कर मौके पर एक पोकलेन मशीन को सील किया गया था। इसके पश्चात सूचना प्राप्त हुई कि उक्त मशीन के माध्यम से पुनः अवैध उत्खनन का प्रयास किया जा रहा है। इस पर 1 अप्रैल को खनिज एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मशीन को शिफ्टर के माध्यम से थाना लाने का प्रयास किया गया। लेकिन ग्रामीणों के विरोध एवं अन्य कारणों से उस दिन पोकलेन को थाना नहीं लाया जा सका।

- पहले पोकलेन लाने के दौरान ग्रामीणों ने किया विरोध

बाद में 9 अप्रैल को बकावंड एसडीएम विपिन दुबे के नेतृत्व में खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पुनः कार्रवाई की गई। इस दौरान जब्त पोकलेन मशीन को शिफ्टर के माध्यम से पुलिस थाना सिटी कोतवाली जगदलपुर लाकर सुरक्षित अभिरक्षा में रखा गया है, जहां प्रकरण में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### कार्रवाई की जा रही

खनिज अधिकारी ने बताया कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, भंडारण और परिवहन पर सतत निगरानी रखी जा रही है। नियमों के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## श्रमिक सम्मेलन में योजनाओं की सौगात से खिले श्रमिकों के चेहरे

# विकास की नींव रखने वाले हाथों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

स्थानीय वीर सावरकर भवन में शुक्रवार को निर्माण श्रमिकों के सशक्तिकरण और उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से एक श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के मार्गदर्शन में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में विकास की रीढ़ कहे जाने वाले श्रमिकों का न केवल सम्मान किया गया, बल्कि उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। इस सम्मेलन में समूचे जिले के सुदूर अंचलों से आए बड़ी संख्या में श्रमिकों ने हिस्सा लिया, जिससे पूरा परिसर उनकी उत्साहजनक उपस्थिति से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप और निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर आयोजन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जन प्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में श्रमिकों को राष्ट्र का असली निर्माता बताते हुए कहा कि सरकार का मुख्य लक्ष्य अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति ▸▸ शेष पेज 12 पर



### शिविर में श्रमिकों का किया गया पंजीयन

मंच से जनप्रतिनिधियों द्वारा पात्र हितग्राहियों को विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत सहायता राशि के चेक वितरित किए गए, जिसे पाकर श्रमिकों के चेहरों पर संतोष और खुशी के भाव स्पष्ट नजर आए। इस सम्मेलन की सबसे बड़ी विशेषता मौके पर ही समाधान की रही, जहाँ श्रम विभाग द्वारा लगाए गए विशेष पंजीकरण शिविरों के माध्यम से नए श्रमिकों का तत्काल पंजीयन किया गया। श्रम पदाधिकारी भूपेंद्र नायक ने बताया कि इस मुहिम का उद्देश्य बस्तर के उन मेहनतकश लोगों को विभागीय योजनाओं के दायरे में लाना है जो अब तक जागरूकता के अभाव में लाभ से वंचित थे। इस सार्थक प्रयास से बस्तर के दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले श्रमिक भी अब सरकार की कल्याणकारी नीतियों से सीधे जुड़ सकेंगे। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक और श्रम विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित थे।

# मसीह समाज ने किया प्रदर्शन, निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

इंटर डिनॉमिनेशन चर्च फेलोशिप बस्तर मसीह समाज ने शुक्रवार को शहर के मिशन ग्राउंड में सरकार द्वारा पारित धर्म स्वतंत्रता अधिनियम 2026 के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। उसके बाद समाज ने ग्राउंड से कलेक्टोरेट तक विशाल रैली निकाली। मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मसीह समाज के समस्त पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से सरकार द्वारा पारित धर्म स्वतंत्रता अधिनियम 2026 पर गहरी चिंता एवं असंतोष व्यक्त किया जाता है। यह अधिनियम अपने वर्तमान स्वरूप में भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों विशेषकर अनुच्छेद 14, 19, 21 एवं 25 के साथ प्रत्यक्ष टकराव उत्पन्न करता है। यह अधिनियम नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता को सीमित करता है, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अंतर्गत आने वाले धार्मिक प्रचार को अपराध की श्रेणी में ला सकता है। निजता के अधिकार का उल्लंघन करता है, जिसे मौलिक अधिकार घोषित किया गया है। समान अपराध के लिए असमान दंड देकर समानता के अधिकार पर प्रश्न उठाता है। विवादास्पद प्रावधानों पर आपत्ति धर्म परिवर्तन हेतु 60 दिन पूर्व सूचना की अनिवार्यता, प्रलोभन एवं अनुचित प्रभाव जैसे अस्पष्ट शब्द, विवाह आधारित धर्म परिवर्तन को अमान्य घोषित करना, धार्मिक संस्थाओं पर अत्यधिक प्रशासनिक नियंत्रण, यह सभी प्रावधान नागरिकों के निजी जीवन, आस्था और स्वतंत्रता में अनुचित हस्तक्षेप करते हैं।

- ज्ञापन सौंपा, सकारात्मक पहल नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी




**ये रहे मौजूद :** फेलोशिप के अध्यक्ष रेव्ह. मनोज बाघ, सचिव जितेंद्र फाउलर, उपाध्यक्ष शैलेंद्र शाह, कोषाध्यक्ष रेव्ह. अयूब चरण, पास्टर विनीत डेविड, सुधीर बतख, डेविड रोबर्ट, रोतो नेताम, ईश्वर मिश्रा, प्रेम पत्रों खोरा, सुरेश बाघ, अभीमलिक सोना, सोमनल बघेल, डेनियल कश्यप, बिशप विजय थोपी, बलदेव मंडावी, खेतरो दास, रवि दास, शशि पत्रों खोरा, मंगल मसीह, राहुल पानी, कविता साहू, नवनीत चांद, सुसमा सुता, सूर्या पानी, शेमयल नाथ, अनिमेष दास, कमल नाग, महताब सिंह, रोजवीन दास, सुरेश छत्री, आयुष खेस, सुजीत नाग शामिल रहे।

### सकारात्मक पहल करें

समाज ने सत्तापक्ष एवं विपक्ष के सभी विधायकों से कहा कि क्या इस अधिनियम पर पर्याप्त संवैधानिक विमर्श हुआ, क्या मौलिक अधिकारों के संभावित उल्लंघन पर विचार किया गया, क्या जनभावनाओं और अल्पसंख्यक समुदायों की चिंताओं को सुना गया, इस अधिनियम को पुनः विधानसभा में लाया जाए, आवश्यक संशोधन किए जाएं या इसे पूर्णतः वापस लिया जाए। यदि सरकार इस विषय पर सकारात्मक पहल नहीं करती है, तो सड़क से लेकर सदन, न्यायालय तक लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक दायरे में रहकर संघर्ष करेंगे। अधिनियम की संवैधानिक समीक्षा, विवादास्पद प्रावधानों का संशोधन या निरस्तीकरण नागरिकों के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हैं।

## महिला एवं बाल विकास विभाग के साड़ी वितरण पर लगाया आरोप

# हर पंचायत को 1 करोड़ दे सरकार : प्रदेशाध्यक्ष बैज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने शुक्रवार को राजीव भवन में पत्रवार्ता में कहा कि सरकार स्वयं बस्तर को नक्सल मुक्त घोषित कर रही है, ऐसे में अपनी घोषणा के अनुरूप सभी ग्राम पंचायतों को तत्काल 1 करोड़ रुपये दिए जाएं। साथ ही बस्तर को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए 50 हजार करोड़ रुपये के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की जाए। उन्होंने बस्तर के युवाओं के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाने, वनोपज आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने और क्षेत्र की प्राकृतिक खूबसूरती को सुरक्षित रखते हुए रोजगार के अवसर सृजित करने की मांग की। उन्होंने एनएमडीसी का मुख्यालय बस्तर में स्थापित करने की बात पर कहा कि यहां से लौह अयस्क निकलने के बावजूद कार्यालय हैदराबाद में होना अन्याय है। उन्होंने आशंका जताई कि सरकार बस्तर की खनिज संपदा को निजी उद्योगपतियों को सौंप सकती है। नगरनार स्टील प्लांट व बैलाडीला-नंदराज पहाड़ियों को निजी हाथों में न दिया जाए। साथ ही दल्लीराजहरा-जगदलपुर रेल लाइन के अधूरे कार्य को जनता के साथ छलावा बताया।

- पत्रवार्ता में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार को घेरा




श्री बैज ने महिला एवं बाल विकास विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का अड्डा बन गया है। आंगनबाड़ी कार्यकतार्ओं और सहायिकाओं को 6 मीटर के बजाय 5 मीटर या उससे कम लंबाई-चौड़ाई की घटिया साड़ियां वितरित की गई हैं। जिनका उपयोग संभव नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि 500 रुपये की साड़ी को 100 रुपये में खरीदकर 400 रुपये का घोटाला किया गया है। साथ ही पोषण सामग्री, टीवी-आरओ यूनिट खरीद और सुचिता योजना में भी अनियमितताओं के आरोप लगाए। उन्होंने मांग की कि घटिया साड़ियों को तत्काल वापस लिया जाए और आंगनबाड़ी कार्यकतार्ओं को गुणवत्तापूर्ण सामग्री दी जाए। साथ ही बार-बार सामने आ रहे भ्रष्टाचार मामलों में जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, पीसीसी संयुक्त महासचिव शंकर राव, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, पूर्व सभापति कविता साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, कोषाध्यक्ष रविशंकर तिवारी, उपाध्यक्ष वीरेंद्र परिहार, महामंत्री सुभाष गुलाटी, अनुराग महतो, सुषमा सुता, नीतीश शर्मा, मीडिया प्रभारी शादाब अहमद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धारदार हथियार से हमला करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बचेली

दंतेवाड़ा जिले के बचेली क्षेत्र में धारदार हथियार से प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296 और 109(2) के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। आरोपी जोगा राम कुंजाम 32 वर्ष बड़ेपारा वार्ड बचेली का निवासी है।

- कोर्ट के आदेश पर भेजा गया जेल

घटना 8 अप्रैल की बताई जा रही है। रेलवे कॉलोनी निवासी मनीष महानंद अपने दोस्त कार्तिक के साथ शराब दुकान से लौट रहे थे। रास्ते में ईंटा भट्टी के पास एक काले रंग की स्कॉर्पियो खड़ी थी। वाहन निकालने में सहयोग मांगने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। बताया गया कि आरोपी जोगा राम कुंजाम शराब के नशे में था। उसने गाली-गलौच करते हुए मनीष का कॉलर पकड़ लिया। विवाद बढ़ने पर दोनों युवक वहां से चले गए और एक दुकान के पीछे बैठकर शराब पीने लगे। इसी दौरान आरोपी पीछे से पहुंचा और जान से मारने की धमकी देते हुए लोहे के धारदार हथियार से मनीष पर हमला कर दिया। मनीष के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने पहुंचे कार्तिक पर भी आरोपी ने हमला ▸▸ शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप



### राजस्व पखवाड़ा में अब तक 970 आवेदन प्राप्त, 713 का मौके पर किया निराकरण

**कोण्डागांव।** राजस्व पखवाड़ा अंतर्गत ग्राम स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसका पहला चरण 16 अप्रैल तक जारी रहेगा। 7 अप्रैल तक कोंडागांव में 365, मर्दापाल में 24, फरसगांव में 77, केशकाल में 137, धनोरा में 63, माकड़ी में 169 और बड़ेराजपुर में 135 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों में नामांतरण के 166, बंटवारा के 23, ऋण पुस्तिका के 9, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र के 233 तथा 540 अन्य प्रकरण शामिल हैं। कुल 970 आवेदनों में से 713 का निराकरण शिविर स्थल पर ही कर दिया गया, जिससे ग्रामीणों को त्वरित राहत मिल रही है। **ग्रामीणों को मिल रही सुविधाओं का लाभ :** शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को राजस्व संबंधी सेवाएं उनके गांव में ही उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिससे समय और संसाधनों की बचत हो रही है।

### राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार 2024 के लिए आवेदन लेंगे 20 तक

**कोण्डागांव।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रलय द्वारा राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार 2024 के लिए आवेदन पोर्टल पुनः खोल दिया गया है। जिले के सभी योग्य उद्यमी 20 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। इस पुरस्कार के लिए महिला उद्यमी, अनुसूचित जातिध्जनजाति, दिव्यांग उद्यमी, निर्यात–उन्मुख इकाइयां और तकनीकी रूप से उन्नत उद्यम आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक उद्यमी आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

अधिक जानकारी या तकनीकी सहायता के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कोण्डागांव में संपर्क किया जा सकता है।

### डिफेंस कौंसिल और अधिकार मित्र को दिया गया ओरिएंटेशन



**कोण्डागांव।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में विचाराधीन बंदियों से संबंधित कार्यों को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। बैठक में बंदियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण विधिक सहायता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। पिछली तिमाही के प्रदर्शन, लंबित मामलों तथा नालसा द्वारा चिन्हित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। डिफेंस कौंसिल सदस्यों को निर्देशित किया गया कि वे जेलों में निरंतर संपर्क बनाए रखें और बंदियों से संवाद स्थापित करें। पात्र बंदियों की रिहाई सुनिश्चित करने तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निपटारे के लिए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।कौंसिल सदस्यों को प्रत्येक माह कम से कम एक बार जेल निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए।

# बच्चों के अधिकारों की रक्षा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी: न्यायाधीश राम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और विधिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खिलावन राम ने की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चंद्रा ,अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रतिभा मरकाम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेशमा बैरागी पटेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गायत्री साय, जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान सहित खंड शिक्षा अधिकारी, अधिवक्ता एवं अधिकार मित्र उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनों के बारे में जागरूकता बढ़ाना रहा, जिसमें पॉक्सो एक्ट, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, बाल श्रम निषेध कानून, बाल विवाह निषेध, बाल संरक्षण के प्रावधान, शामिल रहे। प्रधान न्यायाधीश ने निर्देश दिए कि विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, शोषण, उत्पीड़न और भेदभाव की रोकथाम पर विशेष ध्यान दिया जाए, यदि कोई छात्र 3–4 दिन अनुपस्थित रहता है तो उसकी निगरानी की जाए। बच्चों तक उनके अधिकारों की जानकारी अनिवार्य रूप से पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### बाल अधिकार संरक्षण के लिए कोंडागांव में विशेष प्रशिक्षण



#### शिक्षा विभाग ने बताया उपयोगी पहल

जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण शिक्षा विभाग के लिए अत्यंत उपयोगी है प्राप्त जानकारी को सभी विद्यालयों के स्टाफ और विद्यार्थियों तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में यह संदेश दिया गया कि प्रशिक्षण से मिली जानकारी का उपयोग कर विद्यालयों में बच्चों के लिए सुरक्षित, समावेशी और प्रेरणादायक वातावरण तैयार किया जाए। यह प्रशिक्षण बच्चों के अधिकारों की रक्षा और समाज में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### रिपोर्ट के चंद घंटों में हत्या का खुलासा

# पत्थर से हमला कर युवक की हत्या करने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव



जिले के माकड़ी थाना क्षेत्र में हुई सनसनीखेज हत्या की गुत्थी को पुलिस ने चंद घंटों में सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई को थाना माकड़ी पुलिस और साइबर सेल कोंडागांव की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया। आरोपी ने पत्थर से हमला करके की थी हत्या। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल करा दिया गया है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी राजेन्द्र सोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे अपने जीजा मेहन्दु मरकाम 30 वर्ष और पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से बालोंड से भतवा जा रहे थे। शाम करीब 7:30 बजे, ग्राम बागबेड़ा और खुड़ी के बीच अज्ञात व्यक्ति ने ईंट–पत्थर से सीने पर हमला कर दिया। इस गंभीर चोट के कारण मेहन्दु मरकाम की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तत्काल टीम गठित कर जांच शुरू की गई। मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी धनीराम मण्डावी 35 वर्ष, निवासी खुड़ी को ग्राम ओण्डरी से घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध करना स्वीकार कर लिया।

जांच में सामने आया कि आरोपी रास्ते में आने–जाने वाले मोटरसाइकिल सवारों पर पत्थर से जानलेवा हमला करता था। इसी कृत्य के दौरान यह घटना हुई। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

**पुलिस टीम का सराहनीय योगदान :** इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान, सौरभ उपाध्याय साइबर सेल, सुरेन्द्र बघेल सहित पुलिस एवं साइबर टीम के अन्य अधिकारियों–कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से गंभीर अपराध का जल्द खुलासा हुआ, जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था के प्रति भरोसा और मजबूत हुआ है।

### मेला स्थल पर जुआ खिलाते दो आरोपी को किया गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** थाना अनंतपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मालगांव के वार्षिक मेले में अवैध जुआ खिलाए जाने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से नकदी सहित जुआ खेलने के उपकरण भी जब्त किए हैं। मेला स्थल पर खुड़खुड़िया जुआ खेलाते 2 आरोपी गिरफ्तार किया है मौके से 1170 रुपए नकद सहित जुआ सामग्री जब्त की गई है।



पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई। पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मालगांव मेला स्थल टेकरी के पास कुछ लोग खुड़खुड़िया नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर कार्रवाई की। पुलिस ने मौके से दो व्यक्तियों को जुआ खेलाते हुए पकड़ा अरविंद नेताम 30 वर्ष, नीलू सोरी 24 वर्ष दोनों निवासी ग्राम मालगांव, थाना अनंतपुर हैं। **नकदी और सामग्री जब्त :** कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से 970 रुपए फड़ से, 200 रुपए आरोपी के पास से कुल 1170 नकद बरामद किया है। इसके साथ ही 6 नग खुड़खुड़िया गोटा, 1 झंडा–मुंडा चार्ट, 1 टोकनी, 1 प्लास्टिक चटाई भी जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 03 के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले में चल रही अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में जुआ गतिविधियों पर अंकुश लगाने का संदेश गया है। **पुलिस टीम का सराहनीय योगदान :** कार्रवाई में भूपेंद्र मरकाम, छबीलाल कोर्राम, श्यामसिंह मरकाम सहित थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अनंतपुर पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से मेला स्थल पर अवैध गतिविधियों पर रोक लगी है। आमजन में सुरक्षा का विश्वास बढ़ा है।

### अपराध नियंत्रण, त्वरित कार्रवाई व जनता से बेहतर संवाद के लिए एसपी ने दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने बुधवार को विशेष अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक में जिले के सभी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारी एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी निराकरण, असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। लंबित मामलों का त्वरित निपटारा, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग और अफवाहों पर रोक, साइबर अपराध व यातायात जागरूकता पर जोर दिया। एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि थाना स्तर पर आने वाली सभी शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाए, ताकि आम जनता को त्वरित न्याय मिल सके।

**अपराधियों पर सख्ती और विजिबल पुलिसिंग:** असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई, क्षेत्र में विजिबल पुलिसिंग बढ़ाने के निर्देश, नियमित पेट्रोलिंग एवं चेक पोस्ट के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया। लंबित प्रकरणों में जल्द चालान पेश करने के निर्देश, पुराने मामलों के निपटारे हेतु विशेष अभियान चलाने की बात, समन और वारंट की 100 प्रतिशत तामिली सुनिश्चित करने के आदेश। सोशल मीडिया की सतत निगरानी, अफवाह फैलाने वालों पर त्वरित कार्रवाई, साइबर क्राइम, एटीएम बैंक फ्रॉड को लेकर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश। एसपी ने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि फरियादियों से मित्रवत व्यवहार रखें गांवों में चलित थाना लगाकर सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा दें। विवेचना की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश, जिला अभियोजन अधिकारी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने पर जोर दिया गया।

#### वरिष्ठ अधिकारी भी रहे उपस्थित

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा सहित सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना, चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। पुलिस की इस सख्त रणनीति से जिले में कानून व्यवस्था को और मजबूत करने तथा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### नागरिकों को कानूनी अधिकारों और योजनाओं की दी जानकारी



**कोण्डागांव।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में बैंक ऑफ बड़ौदा कोण्डागांव परिसर में नेशनल लोक अदालत एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों, कर्तव्यों तथा निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

- बैंक ऑफ बड़ौदा में नेशनल लोक अदालत एवं विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

शिविर में बताया गया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति से मामलों का त्वरित, सरल और कम खर्च में निराकरण संभव है। प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट द्वारा उपभोक्ता अधिकार, बैंकिंग कानून, साइबर अपराध से बचाव, महिला एवं बाल अधिकार जैसे विषयों पर जानकारी दी गई।

**नागरिकों को दी गई कानूनी सलाह :** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनकर उन्हें आवश्यक कानूनी सलाह भी प्रदान की गई। इस अवसर पर बैंक के कर्मचारी, अधिकार मित्र रंजन बैध एवं लोकेश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### दिव्यांगों को कृत्रिम अंग, ट्रायसायकल और प्रमाण पत्र का किया गया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर का आयोजन जिला प्रशासन के निर्देशानुसार 6 से 8 अप्रैल तक किया गया। जिसमें उन्हें आवश्यक सुविधाएं प्रदान की गईं। शिविर के अंतिम दिन नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल की उपस्थिति में विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए गए। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति द्वारा 4 दिव्यांगजनों को कैलीपर्स, 14 लोगों को कृत्रिम हाथ–पैर, 11 को ट्रायसायकल और 3 लोगों को व्हीलचेयर दी गई। कुल 55 पंजीकृत दिव्यांगजनों में से 46 का निःशक्तता प्रमाण पत्र बनाकर शिविर स्थल पर ही प्रदान किया गया।

**नशामुक्ति और विधिक जागरुकता पर जोर :** शिविर में नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कानूनी सहायता संबंधी जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी, मेडिकल टीम, समिति के सदस्य एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जिले के अंतिम छोर के गांवों में पहुंचीं कलेक्टर, निर्माण कार्यों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिले के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम कुधुर एवं तुमड़ीवाल का दौरा कर विभिन्न निर्माण कायोंर् एवं योजनाओं का निरीक्षण किया। ग्राम कुधुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं और दवाइयों की उपलब्धता का निरीक्षण कर सुचारू संचालन के निर्देश दिए गए। चिन्हांकित भूमि का निरीक्षण कर लोक निर्माण विभाग को छात्रावास निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम तुमड़ीवाल में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए हर घर तक पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही शत–प्रतिशत विद्युतीकरण पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनी सड़क का अवलोकन कर आवश्यकतानुसार पुल–पुलिया निर्माण के निर्देश दिए गए। निर्माणाधीन स्कूल भवन का निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ समय–सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और आंगनबाड़ी भवन सहित अन्य मांगों के समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

#### अधिकारी रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम अजय उरांव, डिप्टी कलेक्टर किशोर शर्मा, तहसीलदार विजय प्रताप सिंह, जनपद पंचायत सीईओ उत्तम महोबिया, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता ए.आर. मरकाम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के चतुर्वेदी, पीएम जी एस वाई के बलराम ठाकुर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### कई समितियों ने घंटों दी संगीतमय शानदार प्रस्तुति

# राज्य स्तरीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन प्रतिवर्ष हर ग्राम में किया जाए: विधायक नीलकंठ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| केशकाल

राज्य स्तरीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन प्रतिवर्ष हर ग्राम में किया जाए। उन्होंने कहा कि रामायण के पात्र हमें संस्कार सिखाते हैं। उक्त बातें नगर में आयोजित राज्य स्तरीय मानस गान सम्मेलन के समापन समारोह में विधायक नीलकंठ टेकाम ने मुख्य अतिथि की आसांदी से कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक व जिला अध्यक्ष सेवकराम नेताम ने की। श्री टेकाम ने विगत 6 वर्ष पूर्व आयोजित इस राज्य स्तरीय सम्मेलन को पुनः प्रारंभ कर सफलता पूर्वक आयोजन हेतु समिति के अध्यक्ष पदाधिकारी व समस्त ग्रामवासियों को ढेर सारी बधाई दी। प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से राम की जन्मभूमि अयोध्या में जब से रामलला साक्षात विराजे है तब से देश के व प्रदेश के हर गांव में मानस का यह सफल आयोजन हो रहा है। उन्होंने आयोजन समिति के संयोजक भूपेश चन्द्राकर पार्षद के निवेदन पर कार्यक्रम स्थल पर प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए अपनी ओर से अधिक से अधिक सहयोग देने की घोषणा की।

कार्यक्रम के अध्यक्ष सेवक राम नेताम पूर्व विधायक ने अपने विधानसभा व जिला क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजन की आवश्यकता बल दिया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा हेतु इस प्रकार के आयोजन होते ही रहने चाहिए। इस अवसर पर आकाश मेहता जिला उपाध्यक्ष, पार्षद भूपेश चन्द्राकर, राजकिशोर राठी विधायक प्रतिनिधि पुरातत्व समिति कोण्डागांव, श्रीमती पीलाबाई जैन पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत, कमला बाई नेताम पूर्व सरपंच, प्रभा गौर, गीता ध्रुव पूर्व पार्षद व जमुना बघेल अध्यक्ष महिला मोर्चा, रोशन जमीर खान पूर्व अध्यक्ष प्रवीण अग्निहोत्री सनातन विकास परिषद, अनिल उसेण्डी पूर्व पार्षद आदि उपस्थित थे। सभा को नगर अध्यक्ष बिहारी



लाल शोरी, उपाध्यक्ष भूपेश सिन्हा, समाजसेवी कृष्णदत्त उपाध्याय, पार्षद भूपेश चन्द्राकर व राजकिशोर राठी आदि ने भी संबोधित किया। तीसरे दिवस पूर्व सांसद मोहन मण्डावी संरक्षक तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ, हदय राम , प्रदेश उपाध्यक्ष, गुप्तेश्वर बघेल जिला अध्यक्ष, चिराग उपाध्याय मिडिया प्रभारी आदि उपस्थित हुए। इस अवसर पर हदय राम ने सुरडोंगर मानस मंच से का बखान किया व छत्तीसगढ़ी में गीत गाकर सबका मन मोह लिया।

#### इनका रहा योगदान

आयोजन को सफल बनाने में तीन दिवस तक भोजन की व्यवस्था क्रमश गिरधर पाण्डे, हेमराज गौर, मंजरी नेताम सुरडोंगर ने किया सभी मानस मण्डलियों को रामचरित्र मानस ग्रन्थ स्व. फगनू राम साह व बिरजा साहू की स्मृति में उनके पुत्र डाविन्द्र साहू व स्व. सिदनाथ मिश्रा की स्मृति में पुत्र अजय मिश्रा द्वारा हनुमान चालीसा भेंट में दिया आयोजन को सफल बनाने में बलराम गौर, सरजू राम गौर, महेष तारम, रामचन्द्र वर्मा, ईश्वर बैस, प्रहलाद साहू, रामसेवक वेदव्यास, दुखुराम गौर, कृष्ण कुमार सुर्यवंषी, प्रेम गौर, राजेन्द्र साहू, कमलेश धुव, जैलेन्द्र साहू, सुरेश जैन, कचरू राम कुंजाम, प्रेम वेदव्यास, रविराम धुव, शोभा यादव, सैल भारद्धाज, वनलता शिन्धे, ओमबती पटेल, जानकी गौर, नंदनी पाण्डे, लक्ष्मी साहू, नारदीन जैन, वेदवती देहारी, मालती सोम, यमुना यादव, सुकन्तीन नाग, अनिता यादव, कौशिल्या लावत्रे, गंगोत्री यादव, देव साहू, मुकेश लावत्रे, सतीश यादव, गिरधर पाण्डे, रामेश्वर बघेल आदि का सहयोग सराहनीय रहा है।

#### इन्होंने दी प्रस्तुति

राज्य स्तरीय मानस सम्मेलन में सद्भावना मानस परिवार, तुलसी के संदेष मानस मण्डली धमतरी, प्रज्ञा मानस परिवार, सोरिद खुर्द, छ,ग, खजुराहो भोरमदेव परिवार कवर्धा, जयबजरंग मानस परिवार सुरडोंगर, महाकाल मानस परिवार फरसगांव , श्री राम मानस प्रचार गणेश चौक धमतरी, बस्तरिया मानस परिवार बरकई फरसगांव, जयअम्बे मानस परिवार रायतुम महासमुन्द, वन्दना महिला मानस मण्डली पारारास बालोद, श्री राम जानकी मण्डली विरोदा, रामरस मानस परिवार फरसगांव, आदर्श श्रीराम भक्त मानस परिवार कबीरधाम, जयशंकर मानस परिवार चिखली गरियाबंद, गुरूकृपा मानस परिवार बेलभांड बालोद व भरत मानस परिवार माकड़ी कोण्डागांव ने शानदार प्रस्तुति दी।

### घर-घर स्वास्थ्य जांच से मिलेगा उपचार और राहत

**कोण्डागांव।** जिले में स्वस्थ बस्तर अभियान का शुभारंभ 13 अप्रैल को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया जाएगा, जबकि 14 अप्रैल से घर–घर स्वास्थ्य जांच की शुरुआत होगी। यह अभियान स्वस्थ रहिबो, निरोग रहिबो थीम पर आधारित है, जिसके तहत स्वास्थ्य टीमें घर–घर जाकर जांच एवं उपचार की सुविधा प्रदान करेंगी। अभियान एक माह तक संचालित होगा, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोगों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी।

जांच के साथ उपचार और रेफरल की सुविधा – स्वास्थ्य जांच के बाद जरूरत अनुसार तत्काल उपचार एवं रेफरल की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रत्येक व्यक्ति का स्वास्थ्य प्रोफाइल तैयार किया जाएगा तथा संक्रामक और गैर–संक्रामक रोगों, एनीमिया एवं कुपोषण की पहचान कर उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों से अभियान में सक्रिय सहयोग कर अधिक से अधिक संख्या में स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की है।

पेज 11 के शेष

#### नन्हे सितारे प्रतियोगिता...

रहा है, जिससे उनकी पहचान स्थानीय स्तर से ऊपर उठकर व्यापक हो सके। शिक्षकों और प्राचार्यों की सक्रिय भागीदारी और कलेक्टर की व्यक्तिगत रुचि ने इस अभियान को एक व्यापक मुहिम का रूप दे दिया है। पुरस्कार वितरण के इस गौरवशाली क्षण के साथ, बस्तर के ये नन्हे सितारे अब अपनी मेहनत और प्रशासन के इस सशक्त सहयोग के जरिए आने वाले समय में जिले का नाम राष्ट्रीय पटल पर रोशन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

#### विकास की नींव...

के जीवन स्तर में सुधार लाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद महेश कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रमिक केवल मजदूरी करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि नए भारत के निर्माण का आधार है। उन्होंने श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान करते हुए विश्वास दिलाया कि सरकार सदैव उनके साथ खड़ी है। उन्होंने शासन द्वारा श्रमिकों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न 31 योजनाओं की जानकारी और अन्य सुरक्षा योजनाओं के लाभ पर जोर देते हुए कहा कि हर श्रमिक का पंजीकरण होना अनिवार्य है ताकि शासन की मदद उन तक बिना किसी बाधा के पहुँच सके। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

#### धारदार हथियार से...

किया। जिससे उसके दाहिने हाथ की दो उंगलियां कट गईं और सिर पर भी चोट लगी। दोनों किसी तरह जान बचाकर वहां से भागे और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में कार्रवाई शुरू की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन और एसडीओपी किरंदुल कमलजीत पाटले के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस टीम जब आरोपी के ठिकाने पर पहुंची, तो वह भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से प्रयुक्त लोहे का धारदार हथियार बरामद किया गया। आरोपी को 9 अप्रैल को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

**इनकी रही अहम भूमिका :** इस कार्रवाई में निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू, उप निरीक्षक रामकुमार जैन, सहायक उप निरीक्षक सोहन ठाकुर, प्रधान आरक्षक नरेश मंडल, आरक्षक प्रकाश भारती और प्रताप मरकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**खबर संक्षेप**

### कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न पर कार्यशाला

**बीजापुर।** महिलाओं के प्रति कार्यस्थल पर होने वाले लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम जागेश्वर कौशल जिला कार्यक्रम अधिकारी बिस्मिता पाटले, तथा डीएसपी विनीत साहू उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान अधिकारियों ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यस्थल पर सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है।

# ग्रामीणों ने बाटछेकनी रस्म अदा कर राहगीरों से लिया माटी मान

## पलास के पत्तों से बनी बीज की पोटली देवता को करते हैं अर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जिले के ग्रामीण अंचल में इन दिनों बीज पंडुम की धूम है। बैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा से यह सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में गीदम ब्लॉक के रोंजे में ग्रामीण माटी तिहार की खुशियां मनाते हुए नजर आए। परंपरानुसार गीदम- बारसूर मुख्य मार्ग पर रोंजे की सरहद पर ग्रामीणों ने बाटछेकनी रस्म अदा कर राहगीरों से माटी मान लिया।

इस दौरान तोड़ी बजा कर राहगीरों को पर्व की बधाई दी और लोकनृत्य कर खुशी से झूमते नजर आए। ब्रम्ह मुहूर्त में रोंजे के ग्रामीणों ने माटी देव की पूजा - अर्चना की। तदुपरांत गायता और वड्डे की अनुमति लेकर ग्रामीणों की टोली गांव की सरहद पर पहुंच बाट छेकनी रस्म अदा कर राहगीरों के साथ पर्व की खुशियां मनाई।



साप्ताहिक बाजार का दिन होने के कारण गीदम- बारसूर में नाकेबंदी से राहगीरों को थोड़ी परेशानी हुई लेकिन परंपरा को ध्यान में रखते हुए लोग सहयोग करते नजर आए। बाट छेकनी रस्म से प्राप्त धनराशि व अन्य सामाग्री को माटी पुजारी, वड्डे और गायता को भेंटकर देवगुड़ी के पास सभी ने सामुहिक भोज का आनंद लिया। माटी तिहार मनाने के पीछे आदिवासियों की मान्यता है कि इससे ग्राम व कुल देवता प्रसन्न होते हैं और आने वाले खरीफ सीजन की खेती में प्रकृति का भरपूर सहयोग मिलता है।

रोंजे निवासी सुदरू ने बताया कि माटी तिहार के दिन पलास के पत्तों से बनी बीज की पोटली देवता को अर्पण करते हैं। साथी ही आम फल और चिरोंजी आदि वनोपज को देवता को समर्पित कर आभार व्यक्त किया जाता है। बारसूर निवासी थलेश ठाकुर ने बताया कि माटी मान आदिवासी संस्कृति और परंपरा का एक अहम हिस्सा है।

इस पर्व के जरिए ग्रामीण ग्राम व माटी देव की पूजा कर खरीफ फसली की अच्छी पैदावार और खुशहाली की दुआ मांगते है। जून से शुरू होने वाली खरीफ सीजन की अनाज वर्गीय फसल धान, मक्का, कोदो- कुटकी और रागी के बीज देवता को अर्पण किया जाता है और उसी बीज से बुआई का शुभारंभ किए जाने की परंपरा है। वही दूसरी और इस प्रचंड गर्मी में आम और चार फल उपलब्ध कराने के लिए प्रकृति का आभार व्यक्त करने का भी माटी तिहार व आमानवा खास अवसर होता है।

## अवैध उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई, करोड़ों के वाहन जब्त

# 4 टिप्पर व 2 जेसीबी मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

वन विभाग अब लकड़ी तस्करों के साथ-साथ अवैध मुरूम तस्करों पर भी पैनी नजर रखते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। गोलापल्ली क्षेत्र में चल रहे अवैध उत्खन्न पर बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों के वाहनों को जप्त कर लिया है। वही सुकमा डीएफओ अक्षय भोसले ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि वन अपराध में संल्पित किसी भी व्यक्ति को बख्सा नहीं जावेगा।

- **वन भूमि से मुरूम के अवैध उत्खनन पर वन विभाग ने वाहनों को किया जप्त**

वन विभाग द्वारा आरक्षित वन क्षेत्रों में मुरम के अवैध उत्खनन के विरुद्ध सघन अभियान चलाते हुए दो अलग-अलग स्थानों पर प्रभावी एवं व्यापक कार्यवाही की गई है। इस कार्रवाई के दौरान अवैध उत्खनन में प्रयुक्त भारी वाहनों एवं मशीनरी को जब्त कर वन अपराधों के विरुद्ध विभाग की सख्त मंशा को स्पष्ट किया गया है।




### वन क्षेत्र में अवैध उत्खनन

प्रथम प्रकरण में गोलापल्ली रेंज अंतर्गत अवैध रूप से मुरम उत्खनन करते हुए 2 टिप्पर ट्रक (वाहन क्रमांक क्रं. सीजी 20 जे 2163 एवं सीजी 20 जे 2164) तथा 1 नग जेसीबी एक्सकेवेटर मशीन जब्त की गई। जांच में पाया गया कि आरक्षित वन भूमि को गंभीर क्षति पहुंचाते हुए बिना अनुमति मुरम का उत्खनन किया जा रहा था, जिससे वन क्षेत्र की पारिस्थिति की पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। इस अपराध में सन्नु वाचम, लक्ष्मैया अगनपल्ली एवं सुधाकर बड़दी की संलिप्तता पाई गई है।

### किष्टाराम में भी हुई कार्रवाई

द्वितीय प्रकरण में किस्टाराम रेंज अंतर्गत 2 टिप्पर ट्रक (वाहन क्रमांक सीजी 26 जे 0325 एवं सीजी 26 ई 9737 तथा 1 नग जेसीबी एक्सकेवेटर जेसीबी जब्त किया गया। यहां भी आरक्षित वन क्षेत्र से अवैध रूप से मुरम उत्खनन किया जा रहा था, जो वन संरक्षण नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इस प्रकरण में सुमन राय, बंशीधर कश्यप एवं सुनील बघेल की संलिप्तता सामने आई है। उक्त समस्त कार्यवाही उपवनमंडलाधिकारी कोन्टा राहुल देवांगन, गोलापल्ली रेंजर प्रसाद राव तथा किस्टाराम रेंजर ईश्वर बघेल के नेतृत्व में वन अमले द्वारा संपन्न की गई। कार्रवाई के दौरान मौके पर सघन निरीक्षण कर साक्ष्य संकलित किए गए तथा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत प्रकरण दर्ज किया गया है।

### वन मंत्री ने लिया संज्ञान



यह संपूर्ण कार्यवाही वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देश एवं मार्गदर्शन में की गई है। जब्त वाहनों के विरुद्ध राजसात की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है तथा प्रकरण की विस्तृत जांच जारी है, ताकि इसमें संलिप्त अन्य व्यक्तियों की भी पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के निर्देश



इस मामले में वन मंडलाधिकारी अक्षय भोसले ने कहा कि वन विभाग द्वारा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु सघन गश्त प्रारंभ कर दी गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी और वन संपदा को नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध कठोर कदम उठाए जाएंगे। वन विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अवैध उत्खनन या वन क्षति संबंधी गतिविधियों में शामिल न हों तथा ऐसी गतिविधियों की जानकारी तत्काल विभाग को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# पेयजल संकट दूर करने के लिए कलेक्टर ने किया स्थल निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल की पहल पर आज कलेक्टर देवेश ध्रुव ने बचेली नगरीय क्षेत्र का दौरा किया। कलेक्टर ने न केवल विकास कार्यों की समीक्षा की, बल्कि शहर की सबसे बड़ी समस्या लाल पानी की जड़ तक पहुँचने के लिए पहाड़ियों पर स्थित स्क्रीनिंग प्लांट का भी मुआयना किया। दौरे की शुरुआत पेयजल समस्या के निरीक्षण से हुई। अध्यक्ष ने कलेक्टर को सीधे एनएमडीसी के 5 नंबर स्क्रीनिंग प्लांट और डिपॉजिट 5 रॉ वाटर स्थल लेकर पहुंचे।

कलेक्टर ने एनएमडीसी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और नगर पालिका की तकनीकी टीम को संयुक्त रूप से 7 दिनों के भीतर विस्तृत निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। उन्होंने फिल्टर प्लांट का भी बारीकी से अवलोकन किया। भविष्य की जरूरतों को देखते हुए पीएचई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि फिल्टर प्लांट में अतिरिक्त पाइपलाइन का विस्तार किया जाए। पानी को साफ करने के लिए सेटलिंग टंकी का निर्माण जल्द शुरू हो। पेयजल के अलावा शहर के अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण कर अधिकारियों की क्लास ली। निर्माणाधीन ट्रांसपोर्ट नगर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने 'फेस 2' के अंतर्गत अन्य अतिरिक्त नागरिक सुविधाओं को जोड़ने की बात कही और इसका नया प्राकलन जल्द पेश करने का निर्देश दिया। वार्ड-01 छठ घाट में चल रहे निर्माण कार्य की



गुणवत्ता देख संतोष जताया और फेस 2 के विस्तार हेतु प्रस्ताव मांगा। मंगल भवन की जर्जर स्थिति पर संज्ञान लेते हुए पूर्ण जीर्णोद्धार और मरम्मत के लिए तत्काल प्रस्ताव भेजने को कहा है। इस दौरान नपा उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी, मुख्य नपा अधिकारी कृष्णा राव, पीएचई के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता और एनएमडीसी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती, मंडल महामंत्री सुदीप्ता शेखर मंडल, कोषाध्यक्ष सूरज जायसवाल और पार्षदगण धानसिंह नाग, दीपक सरकार, श्यामलाल सेठिया, बिना साहू, विलासनी नाग ने भी अपने-अपने वार्डो की समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया।

**स्वच्छ पानी प्राथमिकता**

बचेली की जनता को स्वच्छ पानी दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता है। आज कलेक्टर साहब ने खुद पहाड़ी पर जाकर रॉ वाटर की स्थिति देखी है। हमें विश्वास है कि इस बार एनएमडीसी और पीएचई के समन्वय से पेयजल की समस्या का स्थाई अंत होगा।

**-राजू जायसवाल, अध्यक्ष, नगर पालिका बचेली**

# आईटीआई छात्रों को नियुक्ति पत्र वितरण, युवाओं के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक, दंतेवाड़ा में आईटीआई छात्रों के लिए नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रम आईएन प्राइवेट लिमिटेड में चयनित छात्रों को अतिथियों ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए। जिला प्रशासन ने यह आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत पॉलिटेक्निक के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने महाविद्यालय की उपलब्धियों एवं शैक्षणिक प्रगति पर विस्तार से प्रकाश डाला। आईटीआई गीदम के प्राचार्य हेमंत सोनवानी ने आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव की संक्षिप्त जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार छात्रों को उद्योगों से जोड़कर रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। अपने संबोधन में विधायक दंतेवाड़ा जिले में शिक्षा के स्तर को सुधारने हेतु किए गए अपने प्रयासों का



उल्लेख किया और छात्रों को निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। वहीं अरविंद कुंजाम ने युवाओं को स्वरोजगार के लिए उपलब्ध विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी दी और उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान सभी चयनित छात्रों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर छात्रों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए अपने शिक्षकों एवं संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया।

### अंबेडकर जयंती के लिए विधायक को दिया न्यौता



**घाटलोहंगा।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एसटी, एससी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक समाज के पदाधिकारियों ने बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उप नेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल से मुलाकात कर उन्हें औपचारिक निमंत्रण पत्र सौंपा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि 14 अप्रैल को डॉ. अंबेडकर पार्क लालबाग में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रातः 11 बजे माल्यार्पण एवं संविधान की प्रस्तावना का वाचन, दोपहर 12 बजे मंचीय कार्यक्रम व अतिथियों का संबोधन, 1:30 बजे सामूहिक भोजन तथा 3:30 बजे मानवतावादी मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा।

# कर्मठ कर्मचारी के रूप में उद्यम हित में किए काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एनएमडीसी लिमिटेड बीआईओएम किरंदुल काम्प्लेक्स के विद्युत सेवा विभाग में दीर्घ अवधि तक सेवाएं प्रदान करने के पश्चात सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं भारतीय मजदूर संघ किरंदुल के वरिष्ठ पदाधिकारी बी.डी. पटेल का यूनियन ने सम्मान किया।

सर्वप्रथम मातृशक्तियों द्वारा भारतीय संस्कृति के अनुरूप स्वागत करते हुए कार्यालय के मुख्य द्वार से पुष्पवर्षा करते हुए ससम्मान आसंदी तक अभिनंदन किया गया। यूनियन के अध्यक्ष बी. दिल्ली राव, सचिव महेंद्र कुमार सहित समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों ने पुष्पहार, शाल-श्रीफल, स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। पदाधिकारियों ने उन्हें एक कर्मठ कर्मचारी के रूप में उद्यम हित में किये गए योगदान,



उपलब्धियों एवं यूनियन के प्रति समर्पण, कार्यशैली के संदर्भ में उद्बोधन प्रस्तुत किया। साथ में किये गए कायार्नुभव की स्मृतियों को साझा किया। बी.डी. पटेल ने अपने अनुभव को साझा किया तथा संगठन की मजबूती के लिए सदैव साथ रहने का व्यक्तव्य दिया। संचालन उपेंद्रनाथ त्रिपाठी तथा राजेंद्र यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर खदान मजदूर संघ के दानेश्वर जोशी, लिशांष सिंह, विराट अवस्थी, सुरेश ठाकुर, नितेश विश्वकर्मा, आकाश माझी, मधु, सुधा, सूरमा, दिव्या, तिलोतमा, शशि, अवनी, मिथुन, लाजेंद्र सहित बड़ी संख्या में सदस्यगण, मातृशक्तियां उपस्थित थे।

## नक्सल समाप्ति के ऐतिहासिक क्षण को न्याय के उत्सव में बदले

# निर्दोष व्यक्ति की रिहाई लोकतंत्र की असली जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जेलों के दरवाजे खोलकर निर्दोषों को अपनों से मिलाना ही नक्सलवाद मुक्ति का सबसे मानवीय चेहरा होगा। बस्तर की जेलों में बंद हर निर्दोष व्यक्ति की रिहाई बस्तर के लोकतंत्र की असली जीत कहलाएगी। उक्त बातें सर्व आदिवासी समाज ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही।

- **मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

सर्व आदिवासी समाज ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम कलेक्टर सुकमा को ज्ञापन सौंप कर कहा कि 31 मार्च के ऐतिहासिक क्षण को न्याय के उत्सव में बदलते हुए इस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। सर्व आदिवासी समाजे ने कहा कि अत्यंत हर्ष का विषय है कि शासन के दृढ़ संकल्प से 31 मार्च 2026 को बस्तर संभाग को अधिकारिक रूप से नक्सलवाद मुक्त घोषित किया गया है। यह उपलब्धि केवल सुरक्षा बलों की जीत नहीं,



बल्कि लोकतंत्र की जड़ों की मजबूती का प्रतीक है। सर्व आदिवासी समाज बस्तर संभाग इस ऐतिहासिक अवसर पर बस्तर में पूर्ण और स्थाई शांति की स्थापना हेतु गंभीर एवं न्यायोचित पक्ष आपके समक्ष प्रस्तुत करता है।

### आदिवासियों को सुरक्षा और न्याय दोनों का समान अधिकार

सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि संवैधानिक एवं न्यायिक आधार उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में स्पष्ट किया है कि बस्तर के आदिवासियों को सुरक्षा और न्याय दोनों का समान अधिकार है। नक्सलवाद के दौर में हजारों आदिवासी वैचारिक प्रतिबद्धता के कारण नहीं, बल्कि परिस्थिति जन्य विवशता के कारण कानूनी प्रक्रिया में उलझ गए। अब जबकि समस्या का मूल कारण नक्सलवाद समाप्त हो चुका है, तो इन बंदियों की स्थिति पर पुनर्विचार करना न्यायसंगत है।

### जेलो में बंद निर्दोषों को करे रिहा

विभिन्न जेलों में बंद आदिवासियों निर्दोषिता और विचाराधीन कैदियों का संकट की एक बड़ी संख्या विचाराधीन कैदियों की है, जो पिछले 5 से 10 वर्षों से केवल संदेह के आधार पर जेल में हैं। 31 मार्च की घोषणा यह प्रमाणित करती है कि अब क्षेत्र में सुरक्षा का वातावरण है, अतः इन बंदियों को संदेह का लाभ देते हुए उनके मामलों का त्वरित निपटारा आवश्यक है। सामाजिक पुनर्गठन एवं विश्वास बहाली इतिहास गवाह है कि किसी भी संघर्ष के अंत के बाद सुलह और सुधार की नीति ही समाज को जोड़ती है। जेलों में बंद युवाओं की रिहाई बस्तर के आदिवासी समाज में शासन के प्रति विश्वास पैदा करेगी, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार के असंतोष की गुंजाइश समाप्त हो जाएगी।

### बस्तर शांति समीक्षा समिति का गठन

हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति बनाई जाए, जिसमें समाजशास्त्री, मानवाधिकार विशेषज्ञ और आदिवासी प्रतिनिधि शामिल हों। यह समिति प्रत्येक बंदी के प्रकरण की सूक्ष्म जांच करे। गंभीरता के आधार पर वर्गीकरण ऐसे बंदी जिन पर हत्या या गंभीर हिंसा के सीधे साक्ष्य नहीं हैं,उन्हें विशेष आम माफी के तहत तत्काल रिहा किया जाए।

# महिलाओं को सशक्त बनाने जेंडर रिसोर्स सेंटर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे एवं जनपद पंचायत सदस्य दशरी कोरसा ने भैरमगढ़ ब्लॉक मुख्यालय में जेंडर रिसोर्स सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह केंद्र महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। इस केंद्र के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, कानूनी सहायता एवं स्वरोजगार से संबंधित जानकारी और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। सीईओ ने अपने संबोधन में कहा कि



जेंडर रिसोर्स सेंटर के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे अपने अधिकारों का बेहतर तरीके से उपयोग कर सकें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, महिला समूह एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

**E-STAMP CERTIFICATE**
**NO.IN-CG81608531275973Y**
**समक्ष श्रीमान अनुविभागिय अधिकारी (रा.)**
**नारायणपुर जिला नारायणपुर**
**नाम परिवर्तन हेतू शपथ पत्र**

मैं गोकुलराम पिता बुधराम उम्र 23वर्ष, निवासी- ग्राम विनायकपुर तहसील भानुप्रतापपुर जिला कांकेर राज्य छ.ग.494635 का हूं। शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि

1. यह कि मैं ग्राम - विनायकपुर तहसील भानुप्रतापपुर जिला कांकेर राज्य छ.ग.494635 का/की निवासी हूं।
2. यह कि मेरा नाम गोकुलराम है। जो सत्य व सही है एवं मेरे सभी स्कूली प्रमाण पत्रों में अंकित है।
3. यह कि मेरे नाम से आधार कार्ड क्रमांक 8112 0910 1681 जारी हुआ है। जिसमें मेरा नाम गोकुलराम कोर्राम लिखा गया है। जिसे मैं सुधरवाकर अपना नाम गोकुलराम लिखवाना चाहता हूं।
4. यह कि यह शपथ पत्र मेरे परिचय पत्र आधार कार्ड, अंकसूची एवं सभी शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों अन्य अभिलेखों में मेरा नाम गोकुलराम अंकित किये जाने बाबत शासकीय गजट में नाम परिवर्तन करने हेतु प्रकाशन किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत है।

**सत्यापन-**

मैं गोकुलराम पिता बुधराम उम्र 23वर्ष, निवासी- ग्राम विनायकपुर तहसील भानुप्रतापपुर जिला कांकेर राज्य छ.ग. 494635 शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र बयान की कुल कंडिका क्रमांक 1 से 4 तक दी गई समस्त जानकारी मेरी निजी ज्ञान व विश्वास से सही व सत्य है। अतः आज दिनांक 10/04/2026 को स्थान नारायणपुर में पढ़कर व समझकर अपना हस्ताक्षर किया हूं।

शपथकर्ता
गोकुल राम

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
› वात रोग › घुटने के दर्द › पीठ व कमर दर्द › स्पॉन्डिलाइटिस › लिगामेंट के दर्द
› साइटिका › गोल्फ एल्बो › फ्रोजन शोल्डर › शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### इनोवेशन महाकुंभ का कुलपति ने लिया जायजा



**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा बस्तर विश्वविद्यालय में आगामी 4 व 5 मई को प्रस्तावित इनोवेशन महाकुंभ 1.0 को लेकर तैयारियां हो रही हैं। कुलपति ने आयोजन स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों व समन्वयकों के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक मंच साबित हो सके।

निरीक्षण के दौरान आर्ट एंड क्राफ्ट डिजाइन से जुड़ी गतिविधियों ने आकर्षण पैदा किया। विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए जा रहे नवाचार आधारित मॉडल्स की सराहना करते हुए कुलपति ने उन्हें और अधिक रचनात्मक व उपयोगी बनाने के सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों की सृजनात्मकता, नवाचार क्षमता और व्यावहारिक कौशल को विकसित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। साथ ही विद्यार्थियों से आह्वान किया गया कि वे अपने नवाचारों के माध्यम से समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान दें।

इस अवसर पर कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव, कार्यक्रम संयोजक डॉ सजीवन कुमार, डॉ विनोद कुमार सोनी, आर्ट एंड क्राफ्ट प्रमुख शैलेंद्र ठाकुर, वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला विभागाध्यक्ष डॉ शरद नेमा, डॉ रश्मि देवांगन, डॉ तूलिका शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक वैभव चौधरी और धर्मी ठाकुर उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों से रूबरू होकर जाना योजनाओं का हाल



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो, घर चलो अभियान के तहत 10 अप्रैल को दरभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत ककनार एवं केशापुर में जनसंपर्क कार्यक्रम हुआ। इस दौरान ग्राम महाकापाल, ककनार और केशापुर में कार्यकर्ताओं तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से सीधे संवाद स्थापित कर योजनाओं की जमीनी स्थिति का अवलोकन किया गया।

भाजपा पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुना और शासन की योजनाओं के लाभ की जानकारी ली। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से बातचीत कर निर्माण कार्य की प्रगति, सुविधाओं की उपलब्धता और आने वाली दिक्कतों पर चर्चा की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराया।

कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष देवीप्रसाद वेंजाम, उपाध्यक्ष लखीधर बघेल, जनपद उपाध्यक्ष हरी प्रसाद कश्यप, संतोष बघेल, महादेव नाग, महेश बघेल, सुशील त्रिपाठी, जगर कोर्राम, कमल सिंह कश्यप, अर्जुन मौर्य, कुलधर कश्यप,बुधराम कश्यप, प्रहलाद कश्यप, खुजाराम नाग, बाबूराम नाग उपस्थित रहे।

कछुआ गति से चल रहा अमृत मिशन का काम

नगर निगम जल कार्य विभाग के सभापति के साथ हरिभूमि ने लिया जायजा

20 हजार नल कनेक्शन की राशि से जल शुद्धिकरण से लेकर 140 कर्मियों को मिलता है वेतन

# इंद्रावती और 163 बोर से बुझती है शहर के 2 लाख लोगों की प्यास

*बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी और 48 वार्ड के 163 बोर से शहर के लगभग 2 लाख लोगों की प्यास बुझती है। 20 हजार नल कनेक्शन से मिलने वाली राशि से नदी के जल का शुद्धिकरण और पीएचई के 140 कर्मियों को वेतन मिलता है। छोटे बड़े कुल 17 टंकी के माध्यम से नयामुंडा स्थित ट्रीटमेंट प्लांट से पानी पीने योग्य होकर घरों में पहुंचता है।*

सुरेश रावल ⏭ जगदलपुर

ग्राउंड रिपोर्ट

हरिभूमि ने शुक्रवार की सुबह नगर निगम के जल कार्य विभाग के सभापति सुरेश गुप्ता और सब इंजीनियर संजीव कर्ण के साथ इंद्रावती तट पर स्थित जल आर्वधन प्लांट, पानी टैंकर से सप्लाई होने वाला स्थल पंप हाउस तथा नयामुंडा स्थित वाटर ट्रिटमेंट प्लांट का जायजा लिया। नदी से पानी निकालकर कुएं तक पहुंचाना और फिर एलम, ब्लींचिंग पाउडर, चूना तथा क्लोरिन जैसे केमिकल पदार्थ से जल को शुद्ध करना इस पूरी प्रक्रिया का तकनीकी पक्ष जानने समझने का प्रयास किया गया। शहर के 2 लाख आबादी को पानी पिलाने वाले इन 2 जिम्मेदार लोगों ने सारी स्थितियों की जानकारी दी। बताया गया कि गर्मी में पानी की खपत बढ़ जाती है। लगभग 19 से 20 मिलियन लीटर पानी की प्रतिदिन जरूरत पड़ती है। जिसमें इंद्रावती नदी से 14 और 163 बोर से 6 एमएलडी पानी प्राप्त होता है। गर्मी के अलावा अन्य सीजन में एक से दो एमएलडी कम पानी लगता है। 1966 में रियासत काल के समय बनाए गए अशोधित जल उत्थान गृह का उपयोग आज भी हो रहा है। जबकि ब्रिटिश काल में बने संयंत्र को 2011 में बंद कर दिया गया है। अमृत मिशन योजना से प्रतिदिन 35 एमएलडी पानी प्राप्त होगी। इसके बाद शहर को जल समस्या से राहत मिल जाएगी लेकिन अमृत मिशन का काम कछुआ गति से चल रहा है। कई स्थानों में पाइप के ढेर पड़े हुए है। 96 करोड़ की लागत की यह योजना लेटलतीफी के चलते 115 करोड़ तक पहुंच गई है। नागपुर की गोंडवाना कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने के बाद रायपुर की चंद्रा कंस्ट्रक्शन यह काम कर रहा है। 15 करोड़ के प्रस्तुत बिल में 6 करोड़ का भुगतान किया गया है। यह कंपनी 6 टंकी बनाकर 155 किलोमीटर पाइप बिछाई है। वाटर ट्रिटमेंट प्लांट नयामुंडा में और इंद्रावती तट पर निर्माण कार्य चल रहा है।

- ब्रिटिश और रियासत काल का जल गृह इंद्रावती तट पर मौजूद





## पुराने और सड़ चुके पाइप को बदलने 48 लाख का प्रस्ताव स्वीकृत

### 1 करोड़ सामान पर और मेंटेनेस वेतन पर डेढ़ करोड़ खर्च


सभापति ने बताया कि मार्च महिने तक 4 करोड़ 35 लाख के जलकर में से 2 करोड़ 70 लाख की वसूली हुई है। लगभग एक करोड़ सरकारी और 3 करोड़ निजि लोगों से टैक्स मिलना है। उन्होंने बताया कि एलम, ब्लींचिंग पाउडर, चूना और क्लोरिन पर लगभग 1 करोड़ तथा मेंटनेस तथा वेतन पर लगभग डेढ़ करोड़ खर्च होता है। प्रति माह 7 लाख रूपए बिजली बिल का पटाना पड़ता है।


### 200 कनेक्शन वैध हुए और 50 को नोटिस

अवैध नल कनेक्शन सर्वे में 250 मिले थे जिसमें से 200 को वैध किया गया और 50 के कनेक्शन काटने की प्रक्रिया चल रही है इसके लिए नोटिस दिया गया है। प्रतिमाह दो सौ रूपए सेवा शुल्क प्रति कनेक्शन और भागीरथी योजना में 60 रूपए लिया जाता है। व्यवसायिक का रेट 800 रूपए है।

### जल आर्वधन योजना का विधिवत हेंड ओवर नहीं हुआ

केदार कश्यप के पीएचई मंत्री रहते समय जल आर्वधन योजना का काम 2014 में यहां शुरू हुआ। लेकिन अभी तक विधिवत रूप से हेंड ओवर नहीं हुआ है। बैराज की पहल भी उनके जल संसाधन मंत्री रहते हुए हाल ही हुई है। इससे इंद्रावती नदी का जलस्तर नीचे जाने पर पानी नदी से कुआं तक लाने में दिक्कत नहीं होगी।





### बड़ी समस्या सीसीटीवी कैमरा नहीं और चारदीवारी भी नहीं

वीर सावरकर भवन के पास जहां से सभी 48 वार्ड के लिए पानी टैंकर भरा जाता है वहां चारदीवारी नहीं होने से शाम के बाद सुबह तक सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। उसके अलावा जल शोधन केंद्र, पंप हाउस और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में सीसीटीवी कैमरा नहीं होने से जल सप्लाई के काम में कभी भी दिक्कत हो सकती है। सभापति और अधिकारी ने भी माना कि सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा सभी जगह आवश्यक है।

### नाली के नजदीक पाइप लाइन पर खतरा

बताया गया कि पूरे 48 वार्ड के सर्वे में नाली के नजदीक के पाइप लाइन जो काफी पुराना होने से जर्जर हो गए हैं उसे हटाना आवश्यक है। कई बार नाली का गंदा पानी पाइपलाइन के जरिए घरों तक पहुंचता है जो स्वास्थ के लिए घातक है । इसके लिए 48 लाख की योजना बनी है इसे स्वीकृत किया गया है और टेंडर भी हो गया है।



### 30 जून तक कार्य पूर्ण होने का लक्ष्य

अमृत मिशन के अंतर्गत शहर में जल वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में बेहतर एवं नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। आगामी 30 अप्रैल तक दो जल टंकियों से पानी की सप्लाई प्रारंभ कर संबंधित वार्डों में वितरण सुनिश्चित कर दिया जाएगा। इसके साथ ही शेष टंकियों पर कार्य प्रगति पर है जिन्हें 30 जून तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद शहरवासियों को नियमित, स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सकेगा जिससे जल संकट की समस्या में काफी हद तक राहत मिलेगी। नगर निगम कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर रहा है ताकि तय समयसीमा में परियोजना को पूर्ण किया जा सके।

आकाश छिकारा, कलेक्टर बस्तर

### रोजाना 35 से 40 टैंकर से पानी सप्लाई

सभापति सुरेश गुप्ता ने बताया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड स्थित पंप हाउस से प्रतिदिन 35 से 40 टैंकर पानी की सप्लाई होती है। गरीब कन्या विवाह, शोक कार्यक्रम और धार्मिक कार्यक्रम के लिए फ्री में पानी टैंकर दिया जाता है। वहीं निर्माण कार्य के लिए 1000 और निजि उपयोग के लिए 500 का शुल्क है। हर महीने लगभग 4 लाख रूपए यहां से प्राप्त होते है। पीएचई के बेड़े में 41 टैंकर है जिसमें 28 चालू हालात में जबकि 6 टैंकर कंडम हो गए है।

### कांग्रेस के समय नहीं मिला एक भी टैंकर

सभापति ने बताया कि 5 साल की कांग्रेस सरकार के समय एक भी पानी टैंकर निगम को नहीं मिला जबकि भाजपा की सरकार आने के बाद विधायक किरण देव ने 11 और सांसद महेश कश्यप ने 5 टैंकर दिए हैं । ट्रेक्टर 5 हैं और 407 वाहन भी आने वाला है। उस हिसाब से पानी टैंकर की सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने बताया कि पूर्व विधायक संतोष बाफना ने भी निगम को 10 टैंकर दिया था। उस समय उनके सहयोग से जल सप्लाई में काफी मदद मिली।

## बलिदान को नमन, शहीदों को पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



80वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने शौर्य दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीदों के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा गार्ड ऑफ ऑनर के साथ की गई। इस अवसर पर उप-महानिरीक्षक ने वीर जवानों के अदम्य साहस और बलिदान को याद किया। अपने संबोधन में कहा कि शौर्य दिवस केवल एक तिथि नहीं बल्कि सुरक्षा बलों के अटूट संकल्प और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने 9 अप्रैल 1965 के उस ऐतिहासिक क्षण का उल्लेख किया जब गुजरात के रन ऑफ कच्छ के सरदार पोस्ट पर सीआरपीएफ की छोटी टुकड़ी ने पाकिस्तानी सेना के बड़े हमले को विफल करते हुए अद्वितीय वीरता का परिचय दिया। इस युद्ध में सीआरपीएफ के चार वीर जवान शहीद हुए जिनकी स्मृति में हर वर्ष 9 अप्रैल को शौर्य दिवस मनाया जाता है।

- गार्ड ऑफ ऑनर देकर जताया सम्मान

कमांडेंट ने विशेष सैनिक सम्मेलन में जवानों के साहस, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की तथा वर्तमान चुनौतियों के बीच मनोबल बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही कर्मियों के कल्याण, स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, नियमित व्यायाम और योग अपनाने की सलाह दी गई। साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन गेम और लोन से बचाव तथा तनावमुक्त जीवनशैली पर भी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया। सैनिक सम्मेलन का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके पश्चात रात्रि में जवानों के साथ बड़े खाने का आयोजन हुआ, पुलिस उप महानिरीक्षक व वाहिनी अधिकारी दिनेश कुमार सिंह, पुरुषोत्तम कुमार,डॉ उज्ज्वल गांगई, अमरजीत गुप्ता उप कमांडेंट ओम कुमार गुप्ता, सहायक कमांडेंट, अधीनस्थ अधिकारी व जवान उपस्थित रहे।

## आत्महत्या पर मीडिया की भूमिका पर मंथन

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर



बस्तर में मीडिया की भूमिका को अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील बनाने की दिशा में एक अहम पहल सामने आई है। मरीवाला हेल्थ इनिशिएटिव द्वारा आयोजित कार्यशाला में करीब 30 पत्रकारों ने भाग लेकर आत्महत्या जैसे जटिल और संवेदनशील विषय पर रिपोर्टिंग के तौर-तरीकों पर विचार-विमर्श किया।

- रिपोर्टिंग के तौर-तरीकों में बदलाव पर जोर

कार्यशाला का उद्देश्य यह समझाना रहा कि मीडिया केवल खबर देने का माध्यम नहीं बल्कि समाज की सोच को आकार देने वाली ताकत भी है। सत्रों के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि आत्महत्या की खबरों की प्रस्तुति किस तरह व्यक्तियों, परिवारों और पूरे समुदाय पर गहरा प्रभाव डाल सकती है।

चचार्ओं और व्यावहारिक अभ्यासों के जरिए प्रतिभागियों को यह सिखाया गया कि रिपोर्टिंग में छोटे-छोटे बदलाव जैसे भाषा का चयन, शीर्षक की शैली और तस्वीरों का उपयोग भी बड़े स्तर पर सकारात्मक असर डाल सकते हैं। खासतौर पर सनसनीखेज शब्दों से बचने, घटनाओं के तरीकों और स्थानों का सीमित उल्लेख करने तथा गोपनीयता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

इसके साथ ही संवेदनशील खबरों को कवर करने के दौरान पत्रकारों पर पड़ने वाले मानसिक दबाव पर भी बात हुई। उन्हें अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने और जरूरत पड़ने पर सहयोग लेने के लिए प्रेरित किया गया।

## काशी की लौटी रोशनी चेहरे में दिखी मुस्कान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दरभा ब्लॉक के अल्वा निवासी धातुर के दस वर्षीय काशी बचपन से ही मोतियाबिंद से पीड़ति था, जिसकी वजह से नहीं देख पा रहा था। ब्लॉक के नेत्र सहायक अधिकारी हेमधर नाग के संज्ञान में आते ही, इनके द्वारा विशेष प्रयास से काशी को महारानी अस्पताल लाया गया। नियमानुसार समस्त जांच उपरांत 8 अप्रैल को डॉ. सरिता थामस द्वारा ऑपरेशन किया। ऑपरेशन पश्चात काशी के चेहरे में मुस्कान देखने को मिली, अब वो बेहतर देखने लगा। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देश दिया कि इस प्रकार के बच्चों को चिन्हांकित करते हुए प्राथमिकता से ऑपरेशन कराए, जिससे वो शिक्षा प्राप्त कर सके। सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक, महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक रीना के मार्गदर्शन से सफल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन में नेत्र विभाग के नेत्र सहायक अधिकारी दिव्या पांडे, अमृत राव, स्टाफ नर्स नमिता मौर्य एवं डोलेश्वर जोशी का योगदान रहा।

## सीआरपीएफ केवल एक बल नहीं है बल्कि साहस का परिवार : कमांडेंट गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

227 बटालियन के हेडक्वार्टर में गुरूवार को सीआरपीएफ ने शौर्य दिवस के अवसर पर शहीदों के सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर शौर्य दिवस मनाया। इस दौरान शहीदों को श्रद्धाजंलि दी गई।

इस दौरान वर्ष 1965 में हुए भारत पाकिस्तान युद्ध में अपने शहीदों को याद करते हुए शौर्य दिवस मनाया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर बल के वीर शहीदों को याद करते हुए एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। समारोह का प्रारम्भ मुख्य अतिथि कमाण्डेन्ट-227 बटालियन गोपाल कुमार गुप्ता द्वारा शहीदों को सलामी व शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि स्वरुप पुष्पचक्र अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों व जवानों ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।



इस अवसर पर विशेष सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कमाण्डेन्ट गुप्ता द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों को संबोधित करते हुए शौर्य दिवस के गौरवशाली इतिहास तथा इसका भारतीय सैन्य बलों में अप्रतिम महत्व के बारे में अवगत कराया। इसके साथ ही वाहिनी में उल्लेखनीय कर्तव्यनिष्ठा तथा साहस के साथ कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। बल के परम्परा के अनुरूप शौर्य दिवस के अवसर पर बड़ा खाने का भी आयोजन किया गया। जिसमें बल के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

कमाण्डेंट ने कहा कि सीआरपीएफ केवल एक बल नहीं है यह साहस का परिवार है, यह वह परिवार है जहां हर जवान ने आराम की जगह कर्तव्य को चुना है और स्वयं की जगह राष्ट्र व सुख की जगह बलिदान को चुना हैं। कार्यक्रम के दौरान कमाण्डेंट गुप्ता ने उपस्थित सभी जवानों के साथ पूर्ण दृढ़ता से यह शपथ लिया कि हम सभी भविष्य में भी बल के इस गौरवपूर्ण इतिहास को अमर बनाए रखने तथा अपने देश व बल के सम्मान व गरिमा को अक्षुण्ण रखने हेतु अपना सर्वोच्च निछावर करने सदैव तत्पर रहेगें।

अन्त में उन्होंने बल के कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों को शौर्य दिवस की हार्दिक बधाई प्रेषित की साथ ही उन माताओं, पत्नियों, बच्चों और परिवारजनों को भी सलाम किया जो घर में रहकर वह मौन बलिदान देते हैं जो दिखता नहीं लेकिन महसूस होता है जिसके कारण हमारे जवान अपने कर्वयों का निर्वहन करने में अपना पूर्ण योगदान देते हैं। कार्यक्रम के दौरान टूआईसी संजीव सिंह, उप कमाण्डेंट शशिकान्त राय, सहायक कमाण्डेंट कमलेश कुमार साहू व आशुतोष कुमार के अलावा अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहें।

संवाददाता नियुक्त करना है
बकावंड, भैरमगढ़
एवं छिंदगढ़
में संवाददाता नियुक्त करना है
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
संपर्क करें
हरिभूमि
संभागीय कार्यालय जगदलपुर
पूनम हॉटल, प्रतापगंज पारा
मोबाईल नंबर
91318-93124
88179-58580

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EK-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ,
श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई,
18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411